कुल प्रश्नों की संख्या : 29
Total No. of Questions: 29

कुल पृष्ठों की संख्या : 07
Total No. of Pages: 07

# 301

## विषय : हिन्दी
## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

---

*निर्देश – 1. यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित हैं। खण्ड 'क', खण्ड 'ख' एवं खण्ड 'ग'।*

*2. इसमें से खण्ड 'क' हल करना अनिवार्य हैं।*

*3. शेष दो खण्डो 'ख' एवं 'ग' में से किसी एक खण्ड को हल कीजिये।*

### खण्ड – क

प्र.1 निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (5)

मैं क्षितिज भृकुटि पर घिर धूमिल।
चिंता का भार बनी अविरल।
रज–कण पर जल–कण हो बरसी।
नव जीवन–अंकुर बन निकली।

**अथवा**

कौन बढ़ाई जलधि मिलि, गंग नाम भोधीम।
केही की प्रभुता नहीं घटी, पर घर गये रहीम।।

प्र.2 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (5)

सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाये जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ती का उपाय ही न कर सके। कोई मनुष्य किसी



mpcareer.in

दुष्ट के नित्य दो चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह–उह करेगा जिसका इस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे–छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

**<u>अथवा</u>**

बृद्धि तर्क से अपनेय नहीं होती, तर्क उसे जहाँ चाहे नहीं ले जा सकता। वह अखण्ड या समूचे को ग्रहण करने वाली होती है। काटने वाली बृद्धि छोटी बुद्धि है, सबका भाव देखने वाली ही शुद्ध बुद्धि है।

प्र.3 कवि का चिन्तन, कल्पना, सोच तथा उसका सन्देश कविता के किस पक्ष से सम्बन्ध रखती है? (2)

प्र.4 भारतेन्दु कालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। (2)

प्र.5 पुस्तकों की उपेक्षा में लेखक द्वारा बताए गये तीन कारण बताइए। (2)

प्र.6 लेखक ने हँसी को एक कला–कौशल क्यों माना है? (2)

प्र.7 श्लेष अंलकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

प्र.8 मीरा की भक्ति भावना पर टिप्पणी लिखिए। (2)

प्र.9 कहानी के तत्वों के नाम लिखिए। (3)

प्र.10 निगुर्ण भक्ति काव्य और सगुण भक्ति काव्य में अन्तर बताइये। (3)

प्र.11 कुटज निबन्ध में लेखक ने सुख–दुख को मानव मन के बन्धन क्यों कहा है? (3)

प्र.12 टिप्पणी और प्रारूपण में क्या अन्तर है? (3)

प्र.13 ''वह तोड़ती पत्थर'' कविता के आधार पर शोषक और शोषित के जीवन का अन्तर बताइए। (3)

प्र.14 ''शान्ति की दुकान'' कविता में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र.15 ''विराटा की पद्‌मिनी'' की कथा संक्षेप में देते हुए उसके किसी एक मार्मिक प्रसंग का उल्लेख कीजिए। (5)

**अथवा**

'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास में इतिहास और लोकतत्व का समन्वय है। इस कथन की विवेचना कीजिए।

प्र.16 मीरा अथवा गजानन माधव मुक्तिबोध का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए– (5)

(क) कोई दो रचनाएं

(ख) भावपक्ष

(ग) कलापक्ष

प्र.17 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए– (5)

(क) कोई दो रचनाएं

(ख) भाषा–शैली

(ग) साहित्य में स्थान

प्र18 निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

(क) विलोम शब्द लिखिए। (1)

(i) अंधकार

(ii) सज्जन

mpcareer.in

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए– (1)

(i) लड़के ने काम करके स्कूल गया।

(ii) गांधीजी पक्के भक्त थे ईश्वर के।

(ग) सन्धि विच्छेद कीजिए– (1)

(i) परोपकार

(ii) नीरस

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए– (1)

(i) अंधे की लाठी

(ii) ईद का चाँद होना

(ङ.) निम्नलिखित कथनों के लिए एक शब्द लिखिए– (1)

(i) जो ईश्वर पर विश्वास न करता हो

(ii) कम बोलने वाला

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

नारी सृष्टि का आधार है। नारी के बिना संसार की हर रचना अपूर्ण तथा रंगहीन है। वह मृदु होते हुए भी कठोर है, उसमें पृथ्वी जैसी सहनशीलता, सूर्य जैसा ओज तथा सागर जैसा गाम्भीर्य एक साथ दृष्टिगोचर होते हैं। नारी के अनेक रूप हैं, वह जननी भी है, पत्नी भी है, पुत्री और भगिनि भी है। वह समाज कभी उन्नति नहीं कर सकता जहाँ नारी को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता। नर और नारी गृहस्थी रूपी गाड़ी के दो पहिये हैं। इन दोनों के तालमेल से ही गृहस्थी का रथ सुचारू रूप से गतिमान रहता है।



mpcareer.in

(1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। (2)

(2) नर और नारी किसके समान है? (1)

(3) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिए। (2)

प्र.20 नगर में जल की अनियमित पूर्ति के सम्बन्ध में नगर निगम महापौर को एक पत्र लिखिए। (5)

**<u>अथवा</u>**

संचालक, मध्य प्रदेश राज्य ओपन स्कूल, भोपाल को डुप्लीकेट अंकसूची देने के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.21 निम्न में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए– (10)

(1) प्रदूषण की समस्या

(2) कम्प्यूटर –आज के जीवन की आवश्यकता

(3) बेरोजगारी की समस्या

(4) साहित्य और समाज

(5) राष्ट्र निर्माण में छात्रों का योगदान

## खण्ड – ख

## (सूचना प्रौधोगिकी और हिंदी)

प्र.1 ई–मेल क्या है? (2)

प्र.2 दूरदर्शन अन्य माध्यमों की तुलना में अधिक लोकप्रिय क्यों है? (2)

प्र.3 भारत की मुख्य समाचार एजेंसियों के नाम लिखिए। (2)

प्र.4 फीचर किसे कहते हैं तथा इसे कैसे प्रस्तुत किया जाता है? (2)

प्र.5 आलेख क्या होता है? (2)

mpcareer.in

प्र.6 संचार माध्यम किसे कहते हैं? तीन पक्तियों में उत्तर दीजिए। (2)

प्र.7 इंटरनेट क्या है? इसकी कार्य प्रणाली को समझाइए। (2)

प्र.8 अधोलिखित शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (6)

(भिन्न, अंतर, निर्जीव, ज्यादा, लिखकर, उपग्रह)

(1) बिना भाषा के संचार माध्यम.......................................है।

(2) विज्ञान से संबंधित रचना और व्यापार से संबंधित रचना में ........................................................ .......अवश्य दिखाई देगा।

(3) जो भाषा जितनी .........................................................इस्तेमाल होती है, उसका उतना ही अधिक विकास होता है।

(4) पत्रकारिता की भाषा साहित्य की भाषा से..............................होती है।

(5) सेल्यूलर फोन का संचालन ..............................द्वारा होता है।

(6) फैक्स में संवाद ..........................................पहुँचाया जाता है।

## खण्ड – ग

### (विज्ञान की भाषा–हिंदी)

प्र.1 वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्या है? (2)

प्र.2 किन्हीं चार आधुनिक भारतीय वैज्ञानिकों के नाम बताइए। (2)

प्र.3 वायु प्रदूषण कैसे होता है? (2)

प्र.4 हार्डवेयर और साफ्टवेयर में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र.5 सामान्य भाषा और विज्ञान की भाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र.6 ओजोन परत क्या है? बताइए। (2)



mpcareer.in

प्र.7 विज्ञान की भाषा की विशेषताएं लिखिए। **(2)**

प्र.8 निम्न कथनों के सामने सही अथवा गलत लिखिए– **(6)**

(1) विज्ञान की भाषा सार्वभौमिक होती है।

(2) विज्ञान की भाषा सूत्रबद्ध नहीं होती।

(3) कम्प्यूटर की खोज ब्लेज पास्कल ने की थी।

(4) आर्यभट्ट भारतीय गणितज्ञ थे।

(5) जनसंख्या की दृष्टि से भारत दुनिया का पहला सबसे बड़ा देश है।

(6) वैदिक काल के लोगों को 27 नक्षत्रों का ज्ञान था।

———————————

mpcareer.in